पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केंद्र प्रयागराज

शाइनिंग यू0पी0–2021 मेगा इवेंट वाराणसी में प्रतिभागिता

दिनांक 19–21 अक्टूबर, 2021 तक दीन दयाल हस्त कला शंकुल, वाराणसी में अचीवर्स फाउण्डेशन, दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समर्थित तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं सेमीनार शाइनिंग यू0पी0–2021 इवेंट में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की ओर से पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी एवं सेमीनार का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प व न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उ0प्र0 द्वारा किया गया।

आयोजन में देश के 40 से अधिक प्रतिष्ठित सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में हजारों की संख्या में विभिन्न वर्ग के किसानों, विद्यार्थियों एवं शोध छात्रों को स्टाल के माध्यम से केन्द्र के कुलदीप चौहान, अमन मिश्रा तथा अनिल तिवारी द्वारा काष्ठ एवं अकाष्ठ वनोत्पाद, कृषि वानिकी, बाँस हस्त शिल्प कला, औषधीय पौधों तथा बंजर भूमि सुधार एवं सागौन, आंवला, पॉपलर इत्यादि के पौधशाला एवं रोपण विधि से संबंधित महत्वपूर्ण वैज्ञानिक जानकारियां उपलब्ध करायी गयी साथ ही मुख्य अतिथि को संस्थान के वैज्ञानिकों एवं शोध छात्रों द्वारा लिखित पुस्तकें तथा शोध पत्रिकाएं भेंट की गयी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र जायसवाल द्वारा संस्थान को स्मृति चिन्ह प्रदान करने के साथ ही वानिकी के क्षेत्र में परिषद एवं केन्द्र द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

SOIL LOVES
COMPOST